# उत्तर प्रदेश सरकार
## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना/विज्ञप्ति**

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 का अन्तिम चयन परिणाम

**संख्या–पीआरपीबी–बी(आरक्षी संवर्ग)–09/2025** **दिनांकः मार्च 13 ,2025**

आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के सम्बन्ध में उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–1(150)/2023, दिनांक 23.12.2023 प्रकाशित करते हुए आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे।

2– इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 के अनुक्रम में कुल 48,17,441 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए। भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के 67 जनपदों में लिखित परीक्षा दिनांकः 23,24,25,30 तथा 31, अगस्त, 2024 तक कुल 10 पालियों में आयोजित की गयी।

3– आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा 10 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण संगत सेवा नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 में उल्लिखित प्रक्रिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण(Normalization) करते हुये अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार कर सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–1 (150) /2023, दिनांक 21.11.2024 द्वारा श्रेणीवार विज्ञापित पदों के लगभग 2.5 गुना, कुल 1,74,317 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु दिनांक 26.12.2024 से 7.02.2025 तक आहूत करते हुए अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की बोर्ड की सूचना विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 10.02.2025 से 27.02.2025 तक सम्पन्न करायी गयी।

5– उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंकों (Normalised Score) के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित की जा रही है। **बोर्ड द्वारा कोई प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गयी है।**

6– आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत आरक्षण की कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कट आफ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कट ऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कट ऑफ | होमगार्ड श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट आफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट आफ |
| 1 | अनारक्षित | 24102 | 24102 | 225.75926 | 93.44588 | 114.44987 | - | 212.11992 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 6024 | 6024 | 209.26396 | - | - | - | 193.20711 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 16264 | 16264 | 216.58607 | - | 80.32114 | - | 200.95709 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 12650 | 12650 | 196.17614 | - | - | - | 180.09816 |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 1204 | 1204 | 170.03020 | - | - | - | 146.62768 |
| | योग | 60244 | 60244 | | | | | |

7— उपरोक्त चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:—

सूची::—

| | |
|---|---|
| **सूची—1** | **आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुल चयनित 60244 अभ्यर्थियों की सूची (रजिस्ट्रेशन संख्या के बढ़ते हुए कम में)** |
| **सूची—2** | **अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)** |
| **सूची—3** | **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)** |
| **सूची—4** | **अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)** |
| **सूची—5** | **अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)** |
| **सूची—6** | **अनुसूचित जन जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)** |

8— उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली—2015 (समय—समय पर यथासंशोधित) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चय टाई ब्रेक के नियमों के अन्तर्गत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

9— यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि अंकित (Submit) कर देख सकते है।

10— यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और उसके शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण—पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

11— चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

12— यह सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना—पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

**संलग्नक:सूची।**

13.03.25

**अपर सचिव, भर्ती**
**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**